Seventeenth Loksabha

>

Title: Issue pertaining to discontinuation of online recruitment process for government posts by Andaman and Nicobar administration.

श्री कुलदीप राय शर्मा (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह): धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय ।

अध्यक्ष जी, आज दुनिया की सबसे बड़ी डेमोक्रेसी के इस सबसे बड़े सदन में मुझे पहली बार बोलने का मौका मिला है, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं ।

सर, मैं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से आता हूं । आप सभी जानते हैं कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह वीरों की भूमि है । अंडमान और निकोबार में देश के हजारों स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जान की कुर्बानी दी है । मैं इस सदन में आप सभी से यह विनती करूंगा कि आप अपने जीवन काल में जरूर एक बार अंडमान और निकोबार आएं, जो तीर्थों की भूमि है । इस दुनिया की सबसे बड़ी डेमोक्रेसी के इस सदन में उपस्थित सभी संसद सदस्यों को मैं अंडमान और निकोबार की जनता की ओर से कोटि-कोटि नमन करता हूं । साथ ही, मैं अपने लीडर्स सोनिया जी और राहुल जी को भी धन्यवाद देता हूं । साथ ही, इस सदन से मैं अंडमान और निकोबार की पूरी जनता को कोटि-कोटि धन्यवाद देता हूं, जिनके आशीर्वाद से मैं इस सदन में पहुंचा हूं ।

सर, मैं आज आपके सामने, आपके द्वारा सरकार को एक बहुत बड़ी समस्या, जो अंडमान और निकोबार में एक बर्निंग इश्यू है, के बारे में बताना चाहता हूं । अंडमान और निकोबार एक दूरदराज का एरिया है और वहां आज सबसे बड़ा इश्यू अनइम्प्लायमेंट है । वहां हजारों की तादाद में ऐसे पढ़े-लिखे नौजवान और युवक हैं, लेकिन उनके पास नौकरी नहीं है । आज अंडमान और निकोबार एडमिनिस्ट्रेशन के पास करीब आठ हजार से दस हजार सरकारी नौकरियां हैं, जिसकी भर्ती वे ऑनलाइन सिस्टम के द्वारा कर रहे हैं । ऑनलाइन सिस्टम के द्वारा जब भर्ती करते हैं तो उसमें प्राब्लम होती है । जैसा मैंने पहले

कहा है अंडमान और निकोबार एक दूरदराज का एरिया है, वहां पर फोन नेटवर्क भी ठीक से काम नहीं करता है । वहां पर इंटरनेट और ब्रॉडबैंड का बहुत बड़ा इश्यू है । उस जगह पर, जहां दूरदराज एरिया में 547 आइलैंड्स हैं, 700 किलोमीटर का उसका स्पैन है, आन्ध्र प्रदेश के ऊपर से लेकर कन्याकुमारी के नीचे तक 700 किलोमीटर में अंडमान-निकोबार द्वीप समूह फैला हुआ है, जहां टापुओं के बीच कनेक्टिविटी नहीं है, उस जगह पर अगर अंडमान और निकोबार एडमिनिस्ट्रेशन ऑनलाइन सिस्टम के द्वारा भर्ती करता है तो वहां के बच्चों को उसका मौका नहीं मिलता है ।

इसलिए, मेरी आपके माध्यम से, इस सदन के माध्यम से भारत सरकार से, माननीय होम मिनिस्टर से यह गुजारिश है कि जो ऑनलाइन भर्ती सिस्टम आज अंडमान और निकोबार में लागू किया गया है, उस सिस्टम को बन्द करना चाहिए और उसके बदले जो पुराना सिस्टम है, उसके द्वारा ही भर्ती की जानी चाहिए ।

साथ ही एक और इश्यू है । वहां के नौजवानों के दिलों की पीड़ा की बात है कि जब ऑनलाइन सिस्टम के द्वारा नौकरी होती है तो देश के दूसरे प्रदेश हैं, जहां उनको ऑनलाइन सिस्टम के द्वारा अप्लाई करने का मौका मिलता है और अप्लाई करने के बाद उनको नौकरी मिल जाती है, लेकिन वहां के बच्चों को नौकरी नहीं मिलती है ।

आपके माध्यम से भारत सरकार से प्रार्थना है कि अंडमान निकोबार में यह सिस्टम बंद किया जाए और पुन: पुराने सिस्टम को लाया जाए । वहां के लोकल बच्चों को नौकरी दी जाए ।

SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE (BARAMATI): Sir, we associate with the matter raised by him.

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): Sir, the hon. Minister of State for Home Affairs is here. He can respond to this.

माननीय अध्यक्ष : उन्होंने नोट कर लिया ।

श्री सुनील सोरेन ।